>

Title: Need to provide adequate funds for Dholpur-Saramthura-Karauli-Gangapur city railway line project.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): धौलपुर-सरमथुरा-करौली-गंगापुरसिटी रेल परियोजना मेरे संसदीय क्षेत्र की अत्यन्त महत्वपूर्ण रेल परियोजना है । मेरे संसदीय क्षेत्र का करौली जिला मुख्यालय आजादी के इतने वर्ष उपरांत भी आज तक रेल सुविधा से वंचित है । इस परियोजना में धौलपुर से सरमथुरा तक आमान परिवर्तन हेतु उत्तर मध्य रेलवे द्वारा निविदाऐं भी आमंत्रित कर 17-11-2020 को खोली जा चुकी हैं । परन्तु वित्तीय वर्ष 2021-22 में इस परियोजना हेतु केवल 01 करोड़ रूपये की राशि ही आवंटित की गयी है जो कि अपर्याप्त है । इससे इस परियोजना हेतु आयोजित की गयी निविदायें भी सम्पन्न नहीं हो पायेंगी । अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि कृपया रेल परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में आवंटित की गयी राशि को बढ़ाते हुए कम से कम 100 करोड रूपये आवंटित करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करें साथ ही इस परियोजना को आगे दौसा गंगापुर रेल परियोजना से जोडने से जयपुर से धौलपुर व ग्वालियर हेतु एक अन्य वैकल्पिक रेलमार्ग उपलब्ध होगा जोकि काफी लाभकारी होगा ।